मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने दतिया में नवीन एयरपोर्ट का किया शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

21 अगस्त, 2023 को केंद्रीय नागरिक विमानन एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दतिया में 29 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत के नवीन एयरपोर्ट का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दतिया के बसई में महाविद्यालय खोलने, नगर पंचायत बनाने के साथ-साथ ग्राम खिरिया फैजुल्ला का नाम खिरिया सरकार करने के लिये केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की घोषणा की।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बहनों के खाते में प्रतिमाह 1 हज़ार रुपए की राशि पहुँच रही है, जो धीरे-धीरे बढ़ाकर प्रतिमाह 3 हज़ार की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत माँ पीतांबरा की धरा दतिया से ही की गई थी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेज एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले बेटा-बेटियों की फीस अब सरकार भरेगी। इसी 22 अगस्त से युवाओं को रोज़गार देने के साथ स्टाईपेंड देने हेतु 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' शुरू की जा रही है, जिसमें आईटीआई एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण युवाओं को 8 से 10 हज़ार रुपए का स्टाईपेंड दिया जाएगा।
- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दतिया में नवीन एयरपोर्ट के बन जाने पर 19 सीटर विमान उतरने की सुविधा प्राप्त होगी। एयरपोर्ट से खजुराहो एवं भोपाल के लिये हवाई सेवाएँ भी शुरू की जाएगी। ग्वालियर का नवीन एयरपोर्ट भी 15 माह में तैयार होगा।
- सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ धार्मिक क्षेत्रों में भी विमानों की सेवाएँ देना शुरू कर दिया गया है। श्रीनगर-जम्मू में भी नए एयरपोर्ट की सुविधा मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-and-union-minister-laid-the-foundation-stone-of-new-airport-in-datia